**प्रेस नोट** **07/04/2024**

**महिला एच्छिक ब्यूरो के प्रयास से 04 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 37 मामलों में से 14 मामलों का हुआ निस्तारण-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 07.04.2024 को महिला एच्छिक ब्यूरो की बैठक पुलिस लाइन सभागर में सम्पन्न हुयी। इस दौरान एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के समक्ष कुल 37 मामले आये जिसमें एच्छिक ब्यूरो के सदस्यो के प्रयास से 14 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 04 दंपति सर्वेश देवी/राधेश्याम, मनीता/हरिकेश, चन्द्रिका/आकाश, नूतन/प्रमोद आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 03 मामले में एफआइआर दर्ज करने का निर्णय लिया गया तथा 06 मामले बन्द किये गये। अन्य मामलों के निस्तारण हेतु ब्यूरो की बैठक की अगली तारीख 21.04.2024 दी गयी है। एच्छिक ब्यूरो की बैठक में अर्चना उपाध्याय, सर्वेश दूबे, शाहिद पैरिस, मौलवी अरशद, म0मु0आ0 पुष्पा गुप्ता, म0आ0 पूनम पाल, करिश्मा राय उपस्थित रही।

**तमन्चा व कारतूस के साथ एक शातिर गिरफ्तार –**

आज दिनांक 07.042024 को थाना सरायलखन्सी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर हथिनी तिराहे के पास से अभियुक्त हंसराज कुमार पुत्र रामकेवल राम निवासी चोरपाखुर्द थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 108/24 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

**एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

आज दिनांक 07.04.2024 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर गजियापुर तिराहे के पास से मु0अ0सं0 71/24 धारा 363,366 भादवि में अभियुक्त किशन पुत्र मानिकचन्द निवासी आरीपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 06.04.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर सलाहाबाद रेलवे क्रासिंग के पास से अभियुक्त सत्येन्द्र खरवार उर्फ सत्या पुत्र महेन्द्र खरवार निवासी अलीनगर थाना सरायलखन्सी, राजकुमार वर्मा पुत्र शिवमूरत वर्मा निवासी पहसा चट्टी थाना हलधरपुर जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की दो अदद मोटरसाइकिल (ग्लैमर,पैसन प्रो) व एक अदद तमन्चा तथा एक अदद कारतूस 315 बोर को बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तो के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 108,109/24 धारा 411,413414,420,467,468,471 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

01. सत्येन्द्र खरवार उर्फ सत्या पुत्र महेन्द्र खरवार निवासी अलीनगर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।

02. राजकुमार वर्मा पुत्र शिवमूरत वर्मा निवासी पहसा चट्टी थाना हलधरपुर जनपद मऊ।

**बरामदगी-**

01. दो अदद मोटरसाइकिल ग्लैमर(फर्जी नम्बर प्लेट), पैसन प्रो(बिना नम्बर प्लेट)।

02. एक अदद तमन्चा व एक अदद कारतूस 315 बोर।

**◆एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक**

आज दिनांक 07.04.2024 जनपद मऊ के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 07.04.2024 पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त।

आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री की पर्वेक्षण में आज दिनांक

07.04.2024 को थाना मधुबन व रानीपुर में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित संभ्रान्त व्यक्तियों, विभिन्न धर्मो के गुरूओं/ मौलवियों को शासन से प्राप्त आदेशों निर्देशों से अवगत कराया गया तथा आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर वार्तालाप किया गया तथा समस्याओं को सुना गया एवं आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्वक, आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील की गयी।

साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि महत्वपूर्ण स्थलों आदि की निगरानी ड्रोन कैमरे के माध्यम से की जाएगी। जनपद के लगभग सभी महत्वपूर्ण जगहों, चौराहों स्थलों पर पीटीजेड व आइपी कैमरे लगवाये गये है। जिसकी निगरानी सम्बन्धित थानों पर कम्प्यूटर भिज्ञ आरक्षी द्वारा की जा रही है। साइबर थाना/सोशल मीडिया सेल द्वारा लगातार सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की निगरानी की जा रही है कोई भ्रामक खबर, आपत्तिजनक कमेन्ट करने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। ऐसे किसी भी कमेन्ट आदि को फारवर्ड न करे तथा पुलिस को सूचित करें। अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मधुबव व रानीपुर एवं भारी संख्या में सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024के दृष्टिगत जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 07.04.2024 सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में पूरे जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त। साथ ही साथ संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चालाया जा रहा है।